दिनांक 06 मार्च, 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग के अन्तर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता के निर्देशन में "नगर निकाय : कार्य व उत्तरदायित्व" विषय पर अतिथि व्याख्यान करवाया गया. यह व्याख्यान अरबिन्दो कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व प्रो. मधुबाला के द्वारा दिया गया. उन्होंने नगर पालिका के कार्य व उत्तरदायित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब तक प्रशासन अच्छा नहीं होगा तब तक कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता. नगर निकाय का मुख्य कार्य नागरिकों को सामान्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना व उनके कल्याण के लिए कार्य सम्पन्न कराना है. नगर निगम राज्य सरकार के साथ विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वन के लिए समन्वय से कार्य करता है. नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति सजग होना चाहिए व कमियों के बारे में प्रशासन को अवगत कराना चाहिए क्योंकि जब तक नागरिक स्वयं सक्रिय नहीं होंगे तब तक प्रशासन प्रभावी तरीके से कार्य नहीं कर सकता. व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों ने इससे सम्बन्धित प्रश्न पूछे. इस अवसर पर कला संकाय के विद्यार्थी, राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा श्रीमती रितू व डॉ. विनोद राठी उपस्थित थे.